# पौधे ऐसे स्थानों पर लगाएं, जहां उसका संरक्षण हो, केवल औपचारिकता के लिए पौधरोपण न करें

## कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में नगरीय निकायों की समीक्षा बैठक आयोजित

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट कार्यालय के मिनी सभाकक्ष में जिले के सभी नगरीय निकायों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना, राजस्व वसूली, स्वच्छ भारत मिशन, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन सहित अन्य योजनाओं की विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई। बैठक में नगरपालिक निगम कमिश्नर सी.पी. राय, नगर निगम के सहायक यंत्री सहित सभी नगरीय निकायों के मुख्य नगरपालिका अधिकारी एवं उपयंत्री उपस्थित रहे।



कलेक्टर श्री सिंह ने अमृत हरित अभियान के अंतर्गत किए जाने वाले पौधारोपण की समीक्षा करते हुए कहा कि पौधे ऐसे स्थानों पर लगाए जाएं जहाँ उनका संरक्षण किया जा सके। उन्होंने स्पष्ट किया कि केवल औपचारिकता के लिए पौधारोपण न किया जाए। ऐसे स्थानों का चयन किया जाए, जहां बाद में पौधों को हटाना न पड़े। उन्होंने कहा कि यह अभियान केवल नाम के लिए नहीं होना चाहिए, बल्कि पौधों को बचाने योग्य स्थिति में रोपण किया जाए। कलेक्टर श्री सिंह ने अतिक्रमण के मामलों में सतत निगरानी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कई स्थानों पर अतिक्रमण हटाने के कुछ दिनों बाद पुनः अतिक्रमण कर लिया जाता है, जो चिंताजनक है। ऐसे मामलों में संबंधित व्यक्तियों पर नियमानुसार कार्रवाई की जाए। बैठक में यह भी सामने आया कि कुछ कार्यों में ठेकेदार रुचि नहीं ले रहे हैं, जिससे कार्यों में देरी हो रही है। कलेक्टर श्री सिंह ने निर्देश दिए कि ऐसे ठेकेदारों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि प्रगतिरत कार्यों को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण किया जाए, क्योंकि विलंब से शासन एवं आमजन दोनों को नुकसान होता है।

प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा के दौरान हर्रई नगरीय निकाय की प्रगति असंतोषजनक पाए जाने पर कलेक्टर श्री सिंह ने संबंधित मुख्य नगरपालिका अधिकारी का वेतन रोके जाने के निर्देश दिए। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 अंतर्गत शेष सत्यापन कार्य को आगामी तीन दिवस में पूर्ण करने के निर्देश सभी निकायों को दिए गए।

कलेक्टर श्री सिंह ने निर्देश दिए कि सभी नगरीय निकाय अपने क्षेत्र में प्रगतिरत कार्यों को तय समय-सीमा में पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि लापरवाही या विलंब की स्थिति में संबंधित एजेंसी एवं अधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

# पदयात्रा के दौरान सांसद ने मरीजों को दिलाई आर्थिक सहायता राशि

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** सांसद बंटी विवेक साहू ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से एक मरीज के इलाज के लिए आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने का निवेदन किया था। जिसके आधार पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अपनी स्वेच्छानुदान निधि से परासिया के निवासी मरीज को अपनी स्वेच्छानुदान निधि से 65 हजार की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है।



विदित हो कि अपनी पदयात्रा की व्यस्तता के बाद भी सांसद बंटी विवेक साहू सेवा कार्य में लगे हुए है। उनकी 26 जून से 13 दिवसीय छिन्दवाड़ा से खंडवा तक की 411 किलोमीटर की पदयात्रा के दौरान सांसद श्री साहू को जानकारी लगी थी कि एक मरीज का इलाज पैसे के अभाव में नहीं हो पा रहा है। जिसे गंभीरता से लेते हुए उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र प्रेषित कर मरीज के इलाज के लिए सहायता राशि दिलाने का निवेदन किया था। जिसके आधार पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उनकी स्वेच्छानुदान निधि से मरीज को 65 हजार की आर्थिक सहायता दी है। उक्त सहायता मिलने से मरीज का अस्पताल में बेहतर इलाज हो सकेगा।

## सार-समाचार

### रजिस्टर्ड पत्रों, स्पीड पोस्ट और पार्सलों की बुकिंग का काउंटर अब रात 8 बजे तक खुला रहेगा

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** आज 10 जुलाई 2025 दिन गुरूवार से प्रधान डाक घर छिन्दवाड़ा में आम जनता को अधिक सुविधा देने के लिए काउंटर समय का विस्तार किया जा रहा है। प्रधान डाकपाल विनोद विश्वकर्मा द्वारा बताया गया कि रजिस्टर्ड पत्रों, स्पीड पोस्ट पत्रों एवं पार्सलों की बुकिंग पहले पाँच बजे तक ही की जाती थी लेकिन अब इन सुविधाओं का लाभ आम जनता के लिए रात्रि 8 बजे तक काउंटर का समय बढ़ाया गया है जिससे अधिकाधिक आम जनता लाभ ले सकते है।

इन बढ़े हुए समय में व्यापारी वर्ग अधिवक्तागण एवं अन्य लोग जो लम्बे समय से कार्यालय समय में बुकिंग सुविधा से वंचित थे अब अधिकाधिक लाभ लेकर डाक घर से अपनी सेवायें ले सकते हैं।

### गणेश मंदिर बिछुआ में मनाया जाएगा गुरु पूर्णिमा महोत्सव




**बिछुआ, देशबन्धु।** नगर के माता मां चौक स्थित गणेश मंदिर में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी गुरु पूर्णिमा महोत्सव का पर्व धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा जिसको लेकर मंदिर समिति के द्वारा तैयारियां पूर्ण कर ली गई।

गणेश मंदिर सेवा समिति बिछुआ के सचिव उमेश साहू ने बताया की महामंडलेश्वर डॉ. वैभव अलोणी के सानिध्य में गुरु पूर्णिमा पर्व पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होंगे। 10 जुलाई को प्रातः 9 बजे से श्री मंगल मूर्ति एवं बाबा महाराज का अभिषेक, पूजा अर्चना के बाद गुरू दीक्षा के उपरांत हवन पूजन के साथ भंडारे में महाप्रसादी वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन होंगा। श्री अलोणी महाराज सेवा संस्थान की गणेश मंदिर सेवा समिति के अध्यक्ष संजय चिंचोले ने बताया की इस वर्ष समिति के द्वारा प्रकृति संरक्षण के उद्देश्य से 500 पौधें वितरित किए जाएंगे। जिसमें आंवला, जामुन, आम, कटहल, अशोक, समी समेत अन्य फलदार एवं छायादार पौधों का समावेश है। बता दें कि संस्था के द्वारा पिछले 4 वर्षों से लगातार प्रकृति को बचाने के लिए पौधें वितरित कर आम जन मानस को प्रकृति संतुलन बनाने में योगदान देने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। समिति ने धर्मप्रेमियों से महोत्सव में शामिल होकर धर्म लाभ लेने की अपील की है।

### गुरु पूर्णिमा का पर्व आज

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** गुरू पूर्णिमा के अवसर पर जिले भर में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस क्रम में गुरूवार को त्रिलोकी नगर में सिन्हा होटल के पास श्री अपना ध्यान परिवार की ओर से कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा जिसमें अपना ध्यान के जनक जमना प्रसाद श्रीवास्तव विशेष रूप से मौजूद रहेंगे। श्री अपना ध्यान परिवार के अजय सिन्हा ने सभी साधकों से गुरू पूर्णिमा के पर्व पर उपस्थित रहने की अपील की है।

### श्री शिवमहापुरण कल से

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जिला साहू सभा की ओर से 11 जुलाई से 18 जुलाई तक श्री शिवमहापुराण कथा का आयोजन किया जाएगा। आयोजन समिति से जुड़े पंकज साहू ने बताया कि सामाजिक स्वजनों के सहयोग से टीवीएस शो रूम के पास स्थित साहू सभा मंगल भवन में कथा का आयोजन किया जाएगा। कथा दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित की जाएगी जिसमें अभिषेक महाराज कथा सुनाएंगे। आयोजकों ने श्रद्धालुओं से बड़ी संख्या में कथा सुनने के लिए पहुंचने की अपील की है।

# बिना गुरु के ज्ञान अधूरा रहता है : दीपा यादव



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** गुरु पूर्णिमा को पूरे विश्व में मनाया जाता है क्योंकि व्यक्ति का पहला गुरु माता-पिता को माना जाता है दूसरा गुरु शिक्षक होता है जो अक्षर ज्ञान करवाता है। गुरु के ज्ञान का कोई तोल नहीं, हमारा जीवन गुरु के अभाव में शून्य होता है। गुरु अपने शिष्यों से कोई स्वार्थ नहीं रखते उनका उद्देश्य केवल कल्याण करना होता है। गुरु को उसे दिन अपने कार्यों पर गर्व होता है जिस दिन उसका शिष्य एक बड़े ओहदे पर पहुंच जाता है। इस पवित्र दिन पर हम अपनी अनंत कृतज्ञता व्यक्त करते हैं। पूर्णिमा की रोशनी में हम अपने विशेष गुरुओं को अपनी कृतज्ञता अर्पित करते हैं इस शुभ दिन पर आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। दीपा यादव पीजी कॉलेज पूर्व छात्रा वर्तमान शहर महिला कांग्रेस अध्यक्ष छिन्दवाड़ा ने गुरू पूर्णिमा पर विशेष अराधना करने का निष्चय किया है।

# मुख्यमंत्री मोहन यादव से मिले अमरवाड़ा के विधायक कुंवर कमलेश प्रताप शाह

अमरवाड़ा, देशबन्धु। विधानसभा अमरवाड़ा के सर्वांगीण विकास हेतु दृढ़ संकल्पित विधायक राजा कमलेश प्रताप शाह ने गत दिवस मुख्यमंत्री निवास भोपाल में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से भेंट कर विभिन्न विकास योजनाओ की स्वीकृति पर चर्चा की।



जानकारी देते हुए भाजपा नेता नितिन तिवारी ने बताया भोपाल प्रवास के दौरान विधायक कमलेश शाह ने अमरवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के कृषकों की यूरिया आवंटन की समस्या मुख्यमंत्री के समक्ष उठाई, अमरवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के बालक बालिका छात्रावासों में सीट वृद्धि करने का मांग पत्र विधायक द्वारा सौपा गया। विधानसभा के सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क निर्माण करने की स्वीकृति और हर्रई महाविद्यालय में स्नात्कोत्तर संकाय एम.ए. की स्वीकृति दिलाने सहित महाविद्यालय में बालक एवं बालिकाओं के लिए पृथक पृथक छात्रावास निर्माण कराये जाने का मांग पत्र सौपा।

विधानसभा क्षेत्र के विकास की महत्वपूर्ण योजनाओं पर विधायक कमलेश शाह ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से चर्चा की जिस पर मुख्यमंत्री ने शीघ्र सभी कार्यों की स्वीकृति प्रदान करने आश्वस्त किया। यदि राशि उपलब्ध हो जाती है आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र अमरवाड़ा विधानसभा के ग्रामीण अंचलों में विकास कार्य तेजी से होगा।

# जामई में एमएलए की नियुक्ति को लेकर बैठक आयोजित

## विधानसभा क्षेत्र के सभी बूथों पर होगी तैनाती

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** म.प्र. के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं पूर्व सांसद नकुलनाथ के निर्देशानुसार जिला मुख्यालय पर बूथ स्तर के पदाधिकारी की नियुक्ति को लेकर हुई महत्वपूर्ण बैठकों के उपरांत अब विधानसभा स्तर पर भी बीएलए की तैनाती को लेकर कांग्रेस का विशेष अभियान जारी है जिसके तहत जामई विधानसभा में आवश्यक बैठक हुई।



जामई में आयोजित बैठक को सम्बोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विश्वनाथ ओकटे ने कहा कि बूथ स्तर के पदाधिकारी की नियुक्ति अहम है, क्योंकि सम्पूर्ण चुनाव में उन्हीं के कांधों पर जवाबदारी होती है। उन्होंने कांग्रेस के समस्त उपस्थित पदाधिकारियों से कहा कि बीएलए की नियुक्ति करते समय संगठन, समय व अनुभव का विशेष ध्यान रखें। जिसके पास संगठन के लिए समय हो साथ ही अनुभव भी हो, क्योंकि बीएलए के पास उनके बूथ के नवीन मतदाताओं के नाम जोड़ने अथवा मृत मतदाताओं के नाम काटने की जिम्मेदारी है। अन्य जानकारियां भी भरनी है, इसीलिये इस कार्य को पूरी सावधानी से करने की आवश्यकता है।

विधानसभा प्रभारी गोविंद राय ने सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक बूथ पर बूथ स्तर के पदाधिकारी की नियुक्ति के पीछे केवल मतदाताओं के नाम जोड़ने अथवा काटने तक सीमित नहीं है। बूथ स्तर पर पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की सक्रियता भी सुनिश्चित करनी है। ताकि कांग्रेस के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं का मतदाताओं से सतत सम्पर्क स्थापित रहे।

जामई विधायक सुनील उइके ने आयोजित बैठक को सम्बोधित करते हुए केन्द्र अथवा राज्य की भाजपा सरकार को घेरते हुए कहा कि भाजपा की सरकार मतदाता सूची में फर्जीवाड़ा कर चुनाव लूटती है जीतती नहीं। महाराष्ट्र में विधानसभा व लोकसभा चुनाव में मतदाताओं की संख्या में बड़ा अंतर सामने आया है जो साबित करता है कि भाजपा मतदाता सूची में भी गड़बड़ी करती है। इस तरह की गड़बड़ियों को रोकने के लिए बीएलए की भूमिका महत्वपूर्ण है। इस क्रम को प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक विकासखण्डों में यह कार्यक्रम चलाया जा रहा है और बैठक लेकर जिले की नियुक्तियां की जावेगी ताकि संगठन मजबूत हो और आने वाले चुनाव में प्रत्येक बूथों में कांग्रेस के जाबांज सिपाही तैनात रह सके। यह कार्यवाही संगठन हित में पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ, पूर्व सांसद नकुलनाथ के निर्देशन में जिला कांग्रेस, महिला कांग्रेस और अनुसांगिक संगठनों के उपस्थिति में की जा रही है।

आयोजित बैठक में जामई ब्लॉक अध्यक्ष अरुण साहू, नवेगांव ब्लॉक अध्यक्ष सिम्मलाल परतेती व पर्यवेक्षक के.के. पंथकी सहित नीटू गांधी, छोटू पाठक, विनोद निरापुरे व घनश्याम तिवारी के अलावा बड़ी संख्या में कांग्रेस के पदाधिकारी व कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

# राष्ट्रव्यापी हड़ताल से खदानें प्रभावित, कोयला उत्पादन पर पड़ा असर, की नारेबाजी

**गुढ़ी अंबाड़ा, देशबन्धु।** देश में एन.डी.ए. सरकार की मोदी राज में मजदूर संगठनों ने एक बार फिर जबरदस्त तरीके से उद्योग धंधों में एक दिवसीय काम बंद हड़ताल कर मोदी के चक्रवाती पहियें को रोकने में सफल होते दिख रही हैं। सार्वजनिक उद्योगों को समाप्त कर पूंजीवादी हाथों में सौंपने की साज़िश रची जा रही हैं, भू-गर्भ में मौजूद खनिज संपदा पर कुछ खास लोगों को देकर गुलामी प्रथा को कायम करने वाली संघवादी विचारों की मंशा को पूरी तरह लागू करने हिटलर वादी को थोपने में लगी हुई हैं।

आज देश मंहगाई, बेरोजगारी, भुखमरी, गरीबी, नीजिकरण, संघवाद से परेशान हैं। धीरे-धीरे स्थाई रोजगार समाप्त होते जा रहा है, अग्निवीर जैसे षडयंत्र का देश शिकार हो गए हैं, पेंशन योजना, भविष्य निधि, अनुकंपा नियुक्ति सभी प्रभावित हो रही हैं। किसान, नौजवान, महिला, मजदूर सभी सरकार की नीतियों के खिलाफ एकजुट होकर केंद्रीय दस श्रमिक संगठनों के आह्वान पर चक्का जाम हड़ताल कर रहे हैं जिसका अच्छा खासा असर सभी उद्योगों में कल 9 जुलाई को दिखा।



वे.को.लि. कि पेंच कन्हान सहित पाथाखेड़ा की कोयला खदानों में संयुक्त मोर्चा के साथ खड़े होकर मजदूरों ने सभी खदानों पर सुबह पहुंचकर नारेबाजी किया, जिससे हड़ताल के पक्ष में अच्छा माहौल रहा, मोहन कालरी, मोआरी, शारदा माईन सहित अन्य जगहों पर भी हड़ताल का असर नजर आया एवं कोयले का उत्पादन भी प्रभावित हुआ।

वहीं एक संगठन के लोग सरकार की नीतियों के पक्ष में दिखें, जिनका उद्देश्य मजदूर वर्ग के खिलाफ हो रही साजिश में पूंजीपतियों और कार्पोरेट के साथ सरकार के साथ होना भी हो सकता है। भले ही वह मजदूर हित की बात करते हों, पेंच क्षेत्र में भी हड़ताल को लेकर मजदूरों ने एकजुटता दिखाई, जिससे खदानों में काफी असर हुआ। महादेवपुरी, विष्णुपुरी, नेहरिया, धनकशा सहित अन्य सभी जगहों पर मजदूर एकत्रित होकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया, जिसमें सभी खदानों में संयुक्त मोर्चा के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

मोहन कालरी और शारदा कोयला खदान में श्रमिक संगठन एच.एम.एस., इंटक, एटक, सीटू यूनियन के प्रमुख रूप से भगवानदीन यादव, रवि पवार, तेज प्रकाश सिंह, कय्यूम खान, मनीष सेन, असलम, मनोज राय, सलमान, रघुवीर काठियावाड़, जगदीश राय, ओ.पी. साहू, अनूप तिवारी, अरविंद यादव, महेश साहू, अमरनाथ सिंह, मार्कण्डेय मिश्रा, अशोक भारती, शशि कपूर, संजय साल्वे, दिनेश प्रसाद, विकास, अकलेश, विदेशी, भंडोल सहित अन्य कई सक्रिय कार्यकर्ताओं ने बढ़ चढ़ कर हड़ताल को सफल बनाने योगदान दिया। इसी तरह सभी जगहों पर सभी श्रम संगठनों के केंद्रीय पदाधिकारियों और शाखाओं के पदाधिकारी भारी संख्या बल में उपस्थिती देकर हड़ताल को लेकर खदान के मुहानों पर डटे रहे। इसके अलावा जिले भर में सभी बैंको में भी लटका रहा ताला।

# अभाविप ने मनाया 77वां स्थापना दिवस

## नई कार्यकारिणी की हुई घोषणा





**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** विश्व के सबसे बड़े छात्र संगठन जो पिछले सात दशकों से छात्र हित एवं राष्ट्र हित में कार्य करते आ रहे अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के 77 वां स्थापना दिवस जिससे सम्पूर्ण भारत वर्ष में राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस के रूप में मनाया है। एबीवीपी का उद्देश्य छात्रों को राष्ट्र निर्माण में भागीदार बनाना है और छात्रों के व्यक्तिगत और सामूहिक विकास के साथ-साथ राष्ट्र निर्माण में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना है। एबीवीपी छात्रों के बीच राष्ट्रवाद और देशभक्ति की भावना का विकास करता है और सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से युवाओं को राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरित करता है। एबीवीपी छात्रों की समस्याओं को सरकार और प्रशासन तक पहुँचाता है और उनकी समस्याओं का समाधान करने के लिए प्रयास करता है।

विद्यार्थी परिषद के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में अभाविप छिंदवाड़ा नगर इकाई द्वारा 9 जुलाई को छिंदवाड़ा स्थित राजमाता सिंधिया शासकीय कन्या महाविद्यालय में प्रतिभा सम्मान समारोह एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजन किया गया जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में राजा शंकरशाह विश्वविद्यालय छिंदवाड़ा के कुलगुरु प्रोफेसर इंद्र प्रसाद त्रिपाठी एवं अभाविप महाकौशल प्रांत के प्रांत संगठन मंत्री मनोज यादव उपस्थित रहे। कार्यक्रम के प्रारंभ में दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया।

तत्पश्चात मुख्य अतिथि प्रोफेसर इंद्र प्रसाद त्रिपाठी द्वारा उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए कहा कि विकसित भारत के निर्माण में युवाओं की प्रमुख भूमिका है। सशक्त, समृद्ध व ज्ञान से युक्त राष्ट्र बनाने में सभी अपनी-अपनी सहभागिता सुनिश्चित करे एवं उसके पश्चात अभाविप महाकौशल प्रांत के प्रांत संगठन मंत्री मनोज यादव ने अपने उद्बोधन के माध्यम से विद्यार्थी परिषद की 7 दशकों की ध्येय यात्रा से जन मानस को अवगत कराया और कहा कि विद्यार्थी परिषद एक वैचारिक छात्र आंदोलन है यह राष्ट्रीय पुनर्निर्माण के ध्येय के निरंतर कार्य करते आ रहे हैं।

कार्यक्रम की दूसरी कड़ी में विद्यार्थी द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी और छिंदवाड़ा नगर में कक्षा 10 वीं, 12 वीं एवं महाविद्यालय स्तर पर अच्छे अंक प्राप्त करने वाले होनहार विद्यार्थीओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इसी क्रम में निर्वाचन अधिकारी द्वारा सत्र 2024-25 की नगर कार्यकारिणी को भंग कर सत्र 2025-26 के लिए अभाविप छिंदवाड़ा नगर की नवीन कार्यकारिणी की की घोषणा की जिसमे नगर अध्यक्ष के रूप में डॉ. रानी साहू एवं नगर मंत्री के रूप में कुणाल निखाडे निर्वाचित हुए। नगर सहमंत्री निधि राय, शिवानी मंडराह, विनय सिंह उईके, सचिन सेरके, गगन मानकर, जय सोलंकी को बनाया गया। सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों ने वरिष्ठजनों का आभार व्यक्त किया।

## शनि मंदिर में श्रीमद् भागवत कथा रुद्राभिषेक का आयोजन

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जनसेवा हिताय संगठन एवं समस्त नगरवासियों के सहयोग से श्रीमद् भागवत कथा महारुद्राभिषेक का आयोजन नगर में होने जा रहा है जिसमें आज दिव्या जल कलश यात्रा शहर में डबल शिव मंदिर रेलवे रेलवे क्रॉसिंग विप रोड से निकलेगी जिसका समय समिति द्वारा 1 बजे दोपहर में निर्धारित किया गया है आप सभी भक्तगण अधिक से अधिक संख्या में पधारकर धर्म लाभ अर्जित कर सकते हैं कलश यात्रा के साथ गौरी गणेश पूजन गुरु पूर्णिमा के उपलक्ष में गुरु पूजन एवं एवं कथा का महत्व खोज गुरुदेव के श्री मुख से सुनाये जाएंगे। पूज्य गुरुदेवगुरु राष्ट्रीय कथा व्यास श्री श्री राकेशानंद महाराज द्वारा भागवत के महत्व की कथा श्रवण कराई जाएगी साथ ही गुरु की महिमा का बखान व्यासपीठ से किया जाएगा हमारे जीवन में अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान है। संत कबीरदास जी कहते हैं

**तीर्थ का है एक फल, संत मिले फल चार।**
**सदगुरु मिले अनंत फल, कहत कबीर विचार।।**

गुरु पूर्णिमा एवं श्रावण मास के पावन अवसर पर छिंदवाड़ा शहर धार्मिक रंग में रंगने जा रहा है। जनसेवा हिताय संगठन द्वारा 10 जुलाई से 17 जुलाई 2025 तक शहर के वी.आई.पी. रोड स्थित पिपलेश्वर धाम शनि मंदिर परिसर में श्रीमद् भागवत शिव चर्चा, महारुद्राभिषेक तथा रुद्राक्ष वितरण का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस सात दिवसीय आयोजन में राष्ट्रीय कथावाचक श्री श्री राकेशानंद महाराज के दिव्य सानिध्य में प्रवचन होंगे, वहीं दो दिवसीय विशेष शिव पुराण कथा का अमृत वर्षा पूज्य देवी सौम्या जी करेंगी। आयोजन का शुभारंभ 10 जुलाई को प्रातः 10 बजे गुरु पूजन, गुरु दीक्षा एवं दिव्य प्रवचन से होगा।

## सार-समाचार

### बरसात में सांप को पकड़ने के लिए सर्पमित्रों की सूची जारी



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** वर्षाकाल में जहां तहां सर्प निकलते है और लोग भय खाकर मार दते है परंतु अब विभिन्न क्षेत्रों में सर्प मित्र है जो उन्हें पकड़कर जंगल में छोड़ने के लिए तैयार है ऐसे सर्पमित्रों के नाम और मोबाईल नम्बरों की सूची जारी की जा रही है जो इस प्रकार है हेमन्त गोदरे- 9630611790, 94072989072, राहुल राहंगडाले- 8871611715, अभिषेक ठाकुर- 9340600307, बिछुआ, शेषकुमार जैन- 8989489949 तामिया, पवन श्रीवास्तव- 9425147159 परासिया, विजय पथरोल- 8109030262 जामई, जुन्नारदेव, मोहम्मद अकील- 6260388304, मोहम्मद आकिब- 9685219022 मोहखेड़, मनीष साहू- 9826645446 सौंसर, मोहगांव, विक्की कामड़े- 8085821379 रजत वाहने- 9323348308 अमरवाड़ा, सतीष विश्वकर्मा-9907436070 पांढुर्णा, अमित सम्भारे- 9755460994 बारिश के मौसम में जहरीले साँप और अन्य जीवों को रेस्क्यू करने के लिए संपर्क कर सकते है।

### गुरु पूर्णिमा महोत्सव मोहखेड़ में आज मनाया जाएगा



**मोहखेड़, देशबन्धु।** बड़े ही हर्ष के साथ सभी धर्मप्रेमी बंधुओं को प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से अवगत कराया जाता है की ब्रह्मलीन द्वारका शारदा एवं ज्योतिष पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी श्री स्वरूपानंद सरस्वती महाराज जी की गुरु पादुका पूजन शिष्यों के द्वारा श्रीमति कीर्ति विजय गावड़े (पूर्व जनपद अध्यक्ष) के निज-निवास जाम में सुबह 11 बजे गुरु पादुका पूजन व शिवअभिषेक धर्म प्रेमी एवं गुरु भक्तों द्वारा किया जाएगाए इस आयोजन मे सभी धर्म प्रेमी बंधु पधारकर इस शुभ अवसर पर पून्य लाभ अर्जित करने की अपील की है।

### डोमन गुरु बाबा मंदिर में मनाई जाएगी गुरुपूर्णिमा, चौरसिया समाज करेगा विविध कार्यक्रम

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी चौरसिया समाज छिंदवाड़ा के द्वारा गुरुपूर्णिमा पर्व पर डोमन गुरु बाबा मंदिर षष्ठी माता मंदिर प्रांगण में समस्त स्वजातीय बंधुओं की उपस्थिति में हवन पूजन और महाआरती कर महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा।

चौरसिया समाज छिंदवाड़ा अध्यक्ष धर्मेंद्र चौरसिया ने बताया कि महिला चौरसिया समिति सहित नगर चौरसिया समाज छिंदवाड़ा के द्वारा लगातार कई वर्षो से चौरसिया समाज द्वारा गुरुपूर्णिमा पर्व पर विविध धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किये जाते है। जिसमें रामायण पाठ चालीसा पाठ के साथ हवन पूजन और भजन कार्यक्रम किया जाएगा जो परासिया रोड डोमन गुरू बाबा मंदिर षष्ठी माता मंदिर में गुरू पूर्णिमा के उपलक्ष्य में प्रातः 10.30 बजे सुबह हवन पूजन एवं दोपहर12.30 से विशाल भंडारे का आयोजन समाज द्वारा किया गया है।

धर्मेंद्र चौरसिया ने समस्त चौरसिया समाज के सामाजिक बन्धु एबम श्रद्धालुओं से निवेदन किया है कि इस पावन पुनीत कार्य मे सम्मिलित होकर पुण्य लाभ अर्जित करे। बता दें कि प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष चौरसिया समाज डोमन गुरूजी का पूजा अर्चना कर गुरू पूर्णिमा मनाने की परम्परा रही है इसी क्रम में इस वर्ष सभी से इस शुभ अवसर पर शामिल होकर कार्यक्रम का लाभ अर्जित करने के लिए समाज ने अपील की है।

## जिले में तहसीलदारों को पदस्थ किया कलेक्टर ने शहर के राजेश मरावी होंगे तहसीलदार

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश शासन राजस्व विभाग मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल के आदेश 10 जून 2025 के अनुसार नायब तहसीलदार नरसिंहपुर संजय कुमार मसराम द्वारा 04 जुलाई 2025 को एवं नायब तहसीलदार जिला बैतूल श्रीमती सुनयना ब्रम्हे से 07 जुलाई 2025 को छिन्दवाड़ा जिले में ज्वाइन किए जाने के फलस्वरूप कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह द्वारा कार्यसुविधा की दृष्टि से तहसील अमरवाड़ा के तहसीलदार राजेश मरावी की नवीन पदस्थापना तहसील छिंदवाड़ा शहर तथा नायब तहसीलदार छिंदवाड़ा शहर न्यायालय का अतिरिक्त प्रभार, तहसील हर्रई की नायब तहसीलदार श्रीमती हेमांगप्रिया की नवीन पदस्थापना अतिरिक्त तहसीलदार तहसील छिंदवाड़ा शहर तथा तहसीलदार नजूल का अतिरिक्त प्रभार, नायब तहसीलदार श्रीमती सृष्टि डेहरिया (जिला नर्मदापुरम से स्थानांतरण) ज्वाईन होने पर प्रभारी तहसीलदार तहसील अमरवाड़ा, नायब तहसीलदार श्रीमती सुनयना ब्रम्हे जिला कार्यालय छिंदवाड़ा से प्रभारी तहसीलदार तहसील परासिया, जिला कार्यालय छिंदवाड़ा के नायब तहसीलदार संजय कुमार मसराम को नायब तहसीलदार तहसील जुन्नारदेव तथा जिला कार्यालय भू-अभिलेख शाखा के सी.एस. धुर्वे को प्रभारी नायब तहसीलदार बटकाखापा तहसील हर्रई में प्रभारी नायब तहसीलदार के रूप में कार्यसुविधा की दृष्टि से अस्थाई रूप से पदस्थ किया गया है।



कलेक्टर
शीलेन्द्र सिंह

कलेक्टर श्री सिंह ने प्रभारी तहसीलदार अमरवाड़ा श्रीमती सृष्टि डेहरिया, प्रभारी तहसीलदार परासिया श्रीमती सुनयना ब्रम्हे को म.प्र. कोष संहिता भाग-1 के नियम-125 के प्रावधानों के अंतर्गत नवीन पदस्थ तहसीलों के कर्मचारियों के वेतन भत्तों एवं अन्य देयकों के आहरण के लिये आहरण-संवितरण अधिकारी नियुक्त किया है। प्रभारी नायब तहसीलदार बटकाखापा तहसील हर्रई सी.एस. धुर्वे को म.प्र. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा-24 के तहत् पदस्थ तहसील के राजस्व प्रकरणो के निराकरण के लिये तहसीलदार की शक्तियां प्रदत्त की गई है।

## आज होगी अष्टान्हिका महापर्व की पूर्णता



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** आषाढ़ शुक्ल अष्टमी से प्रारंभ हुए जैन दर्शन के अनादि निधान शाश्वत महापर्व अष्टान्हिका की पूर्णता आज आषाढ़ शुक्ल पूर्णिमा गुरुवार के शुभ दिन होगी।

जिनशासन सेवक दीपक राज जैन ने बताया कि आठ दिवसीय मंगल महोत्सव पर नगर के अहिंसा स्थली गोल गंज स्थित श्री आदिनाथ दिगंबर जिनालय में श्री दिगंबर जैन मुमुक्षु मंडल एवं अखिल भारतीय जैन युवा फेडरेशन द्वारा प्रातः 7 बजे श्री जिनबिंब प्रक्षालन, 7:15 से श्री जिनेन्द्र पूजन, श्री नंदीश्वर दीप पूजन कर श्री नंदीश्वर दीप बाबन पूजन विधान एवं विधान किया जावेगा। श्री जैन ने बताया कि कल श्रावण वदि एकम शुक्रवार 11 जुलाई को तीर्थंकर महावीर भगवान का प्रथम धर्म उपदेश दिव्य ध्वनि प्रसारण का शुभ दिन श्री वीर शासन जयंती महोत्सव विविध अनुष्ठानों के साथ प्रातः 7 बजे से भक्ति भाव पूर्वक मनाया जावेगा जिसमें मंडल एवं फेडरेशन द्वारा सकल जैन समाज सहित धर्म प्रेमी बंधुओं से सम्मिलित होकर धर्म लाभ लेने की अपील की गई है।

### कल मनाई जाएगी श्री वीर शासन जयंती महोत्सव

## कार्यशाला में विद्यार्थियों को दी पाक्सों एक्ट की जानकारी



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** बालको के बढ़ रहे अपराधो एवं उनके अधिकारो की जानकारी छात्र स्तर पर नहीं पहुंचने के कारण मिलने वाली सुविधाओं से वंचित रह जाते है। इन विषयों की जानकारी देने के लिए शासकीय हाई स्कूल चारगांव प्रहलाद मे जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान मे प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं विधिक सेवा प्राधिकरण के आध्यक्ष सुशांत हुद्दार के निर्देशन मे बालको के विरुद्ध अपराधों की रोकथाम हेतु बाल सुरक्षा पर कार्यक्रम किया गया। इस अवसर पर विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव राकेश सिंह ने बताया की उक्त कार्यक्रम विध्यालय मे अध्ययनरत छात्राओं के लिए किशोर न्याय अधिनियम 2015, पाक्सो एक्ट 2012, एवं बालको के अधिकार पर जागरूकता लाना है वहीं संविधान में आर्टीकल 21 में जो अधिकार हमें मिले ओर ओर हमे अपने कर्तव्य सुनिश्चित किया गया है इसका हम सभी को पालन करना चाहिए यदि इसका उलंघन होता है तो वह अपराध की श्रेणी मे आता है इससे हमें बचना है। । जिला विधिक सेवा प्राधिकरण छिंदवाड़ा के सदस्य श्यामल राव ने पाक्सो एक्ट के संबंध में जानकारी दी और उन्होंने कानून से अवगत कराया।

## सांसद बंटी विवेक साहू ने समस्त गुरुजनों को दी गुरु पूर्णिमा की शुभकामनाएं

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** सांसद बंटी विवेक साहू ने जिले के समस्त गुरुजनों को गुरु पूर्णिमा की शुभकामनाएं दी है। उन्होंने गुरु पूर्णिमा पर अपने संदेश में कहा है कि गुरु पूर्णिमा का दिन हमें इस बात की सीख देता है कि जीवन में गुरु का महत्व ईश्वर से भी ऊपर है। इसलिए कबीर दास जी ने अपने दोहे में लिखते हैं गुरु गोविंद दोऊ खड़े काके लागूं पांव, बलिहारी गुरु आपने, गोविंद दियो बताय। सांसद श्री साहू ने बताया कि हिंदू पंचांग के अनुसार आषाढ़ माह की पूर्णिमा तिथि को गुरु पूर्णिमा का पर्व मनाया जायेगा। यह दिन गुरु की महिमा और जीवन में उनकी भूमिका के लिए कृतज्ञता जाहिर करने के लिए खास माना गया है। हिंदू धर्म ग्रंथों के अनुसार इस दिन महर्षि वेदव्यास जी का जन्म हुआ था। इसलिए गुरु पूर्णिमा को व्यास पूर्णिमा भी कहा जाता है। मैं गुरु पूर्णिमा के अवसर पर समस्त गुरुजनों के प्रति आभार प्रकट करता हूं।

## मनरेगा मेट संघ ने सौंपा ज्ञापन, मांगे पूरी नहीं होने 23 को कलेक्ट्रेट का करेंगे घेराव





**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** मनरेगा मेट श्रमिक संघ ने राष्ट्रव्यापी हड़ताल के तहत प्रधानमंत्री के नाम कलेक्ट्रेट को ज्ञापन देकर मांग की कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी (मनरेगा) में काम करने वाले मेटों के लिए न्यूनतम वेतन तय किया जाए, मनरेगा में जॉबधारी परिवार के हर सदस्य को 200 दिन काम एवं कलेक्ट्रेट दर 450 रूपए मजदूरी दी जाए, ग्राम पंचायतों के चौकीदार, भृत्य, नल-जल चालक, सफाई कर्मियों, अंशकालीन, अस्थाई कर्मियों को न्यूनतम वेतन 12850 रूपए दिया जाए। मनरेगा मेट संघ के अध्यक्ष मधु कुमार यादव की अध्यक्षता में हुई बैठक में अस्थाई आउटसोर्स कर्मचारी श्रमिक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष वासुदेव शर्मा ने उपस्थित रहकर संगठन और संघर्ष के महत्व पर प्रकाश डाला। बैठक मे ब्लॉक अध्यक्ष बिछुआ ओमप्रकाश वर्मा, चौरई ब्लाक अध्यक्ष राजेश वर्मा, तामिया ब्लाक अध्यक्ष इंगलेश उईके, परासिया ब्लाक अध्यक्ष राजेश कहार, जुन्नारदेव ब्लाक अध्यक्ष प्रमुख कुशराम, मोहखेड़ ब्लाक अध्यक्ष अमीन खान, छिंदवाड़ा ब्लाक अध्यक्ष गजेंद्र मालवी, अमरवाड़ा ब्लाक अध्यक्ष अजय विश्वकर्मा, हर्रई ब्लाक अध्यक्ष राजेश बट्टी सहित सभी प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में जिला अध्यक्ष मधु कुमार यादव ने संगठन को सक्रिय कर मेटों के साथ होते आ रहे आर्थिक अन्याय के खिलाफ ब्लाक स्तर पर अभियान चलाने एवं 23 जुलाई को कलेक्ट्रेट एवं जिला पंचायत का घेराव करने का आव्हान किया।

मेट पदाधिकारियों से संवाद करते हुए वासुदेव शर्मा ने कहा कि मनरेगा का श्रमिकों के जरिए संचालन कराने वाले मेटों की पंचायत में कोई पहचान नहीं है, इसलिए मेटों को पहचान दिलाने के लिए नियुक्ति पत्र हासिल करना होगा, इसके साथ ही मनरेगा में जॉबकार्ड वाले परिवार के लिए हर सदस्य को 200 दिन काम एवं कलेक्टर दर पर मजदूरी दिलाने के लिए मेट एवं श्रमिकों को मिलकर आंदोलन करना होगा, तभी मेटों को पहचान मिलेगी और मानदेय तय हो सकेगा।

श्रमिक नेता वासुदेव शर्मा ने कहा कि सरकारें पंचायती राज व्यवस्था को कमजोर एवं अधिकार विहीन करने का काम कर रही हैं। मनरेगा के बजट में लगातार कटौती की जा रही, जिसकारण श्रमिकों को काम मिलने एवं मजदूरी भुगतान में परेशानियां आ रही हैं। श्री शर्मा ने कहा कि पंचायतों में मजदूरों के रोजगारों को खत्म कर उन्हें अधिकारविहीन हितग्राही बनाया जा रहा है, गरीब मजदूरों को रोजगार देने का अधिकार का अधिकार देने वाली परिवार मनरेगा बंद पडी है, मशीनों से काम कराया जा रहा है, जिसका असर मनरेगा मेठ और श्रमिकों के रोजगार पर पडता है। शर्मा ने कहा कि मनरेगा के बजट में कटौती के कारण पंचायतें आर्थिक रूप से कमजोर हुई हैं और ग्रामीण मजदूरों को काम भी नहीं मिल पा रहा है।

श्री शर्मा ने कहा कि सरकार ने गरीब परिवार को 24 हजार रूपए देने वाली मनरेगा को कमजोर करके महिलाओं को 1250 रूपए की लाड़ली लक्ष्मी योजना का झुनझुना पकड़ा दिया है, जिसका असर मेटों पर भी पडा है, उन्हें महीनों से मजदूरी का एक रूपया भी नहीं मिला है, इसलिए मेटों और मनरेगा श्रमिकों को मिलकर अपने रोजगार को बचाने और रोजगार में स्थायित्व लाने के लिए संघर्ष करना होगा।